प्राचार्या कार्यालय,
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालन्दा - 803115
E- mail: principal.vims.pawapuri@gmail.com Principal Mob. No- 9939013770
Website- www.vimspawapuri.org

पत्रांक – 965 पावापुरी, दिनांक 21 / 06 / 2024

# कोटेशन आमंत्रण सूचना

दिनांक 14.06.2024 को आहूत कॉलेज काउन्सिल की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में संस्थान परिसर में एक नया बोरवेल किया जाना है। इसके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किया जाना है –

– 18 ईंच व्यास का बोर करके लगभग 350 फीट की गहराई तक की खुदाई मशीन द्वारा की जानी है। आवश्यकतानुसार गहराई की माप में परिवर्तन अपेक्षित है।

– इसमें उपयोग होने वाले 8 ईच व्यास का केसिंग पाइप (लगभग 300 फीट) तथा स्लॉटेड पाइप फिल्टर (लगभग 50 फीट) को अधिष्ठापित करना है।

– बोर के पश्चात् 120 फीट तक 2 ईंच GI पाइप के साथ मोटर को बोरवेल के साथ अधिष्ठापित करना है। मोटर (स्टार्टर के साथ) की आपूर्ति संस्थान के द्वारा की जायेगी।

– केसिंग पाइप (आर्शीवाद / सुप्रीम / टॉपलाइन कं०) फिल्टर पाइप (आर्शीवाद / सुप्रीम / टॉपलाइन कं०), GI पाइप (टाटा / जिन्दल कं०) रोड्यूसर, सॉकेट, GI wire 10 mm, ग्रेवुल, ग्रीस, 6 mm 3 Phase मोटर कनेक्शन वायर, यूरिया, गोबर आदि लगने वाले सभी सामग्री / उपकरण आपके द्वारा देय होगा। बोर प्रेशर एवम् JCB मशीन संबंधी कार्य भी आपके द्वारा किया जायेगा। इसके अतिरिक्त बोरवेल से संबंधित अन्य कोई कार्य हो तो उसकी विवरणी दर सहित कोटेशन में अंकित करेंगे।

उक्त कार्य हेतु निबंधित फर्मों आदि से जो आयकर एवम् GST में निबंधित हों तथा Black listed नहीं हों, से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

उपरोक्त कार्य हेतु श्रमिक, JCB मशीन एवम् औजार / मशीन की व्यवस्था आपके द्वारा की जायेगी।

–18 ईंच व्यास का बोर की खुदाई (पाइप सहित) का दर प्रति फीट के हिसाब से कोट करें।

– शेष सभी कार्य हेतु एकल दर प्रस्तुत करें। समेकित रूप से न्यूनतम दरदाता ($L_1$) को कार्यादेश दिया जायेगा।

कार्य समाप्ति उपरान्त विपत्र प्रभारी M.E.P. से अग्रसारित कराकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित करना होगा। तत्पश्चात् नियमानुसार विपत्र का भुगतान किया जायेगा। कार्य संबंधी विस्तृत जानकारी मो० नं. **8668753033** पर प्राप्त की जा सकती है।

कोटेशन संस्थान के E Mail - principal.vims.pawapuri@gmail.com / रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट / हाथों हाथ द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। कोटेशन दिनांक 29 / **06** / **2024** को अपराह्न **05:00** बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन अमान्य होंगे।

कोटेशन निरस्त करने / तिथि विस्तारित करने एवं अन्य किसी निर्णय लिये जाने का अधिकार क्रय समिति / अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

Sd/- 21/6/24
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।

ज्ञापांक – 965 पावापुरी, दिनांक 21 / 06 / 2024

प्रतिलिपि – श्री संजीव कुमार रंजन, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी नालन्दा को आदेशित है कि आज ही इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को संस्थान के वेबसाइट एवम् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

Sd/- 21/6/24
प्राचार्या
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।